नेत्रदान कराया

कोटा, (निसं)। दादाबाड़ी निवासी देवराज सिंह अरोड़ा का आकस्मिक निधन हुआ। जिसका शोक संदेश मंगलवार के समाचार पत्र में था। अंतिम संस्कार में समय था और सर्दियों के दिनों में नेत्रदान 10-12 घंटे में भी संभव था। शोक संदेश को पढ़कर शाइन इंडिया फाउंडेशन के डॉ कुलवंत गौड ने देवराज के छोटे भाई जसपाल को नेत्रदान करवाने का अनुरोध किया। जसपाल ने तुरंत ही अपनी भाभी प्रीतम कौर और उनके बेटे महेंद्र और मंजीत से नेत्रदान करवाने के बारे में सहमति ली। देवराज की तीनों बेटियों लवलीन, पूनम, बुलबुल ने भी नेत्रदान के लिए तुरंत सहमति दे दी थोड़ी देर बाद निवास पर ही सोसाइटी के टेक्निशियन ने नेत्रदान की प्रक्रिया को पूरा किया।

'पंच से सांसद तक सबका काम जनता का कल्याण'

- पद की लालसा रखे बिना जन सेवा को बनाएं प्राथमिकता : ओम बिरला

कोटा, (निसं)। सुल्तानपुर क्षेत्र के दौरे पर आए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को प्रबुद्धजनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से कहा कि पद की लालसा रखे बिना जनसेवा को प्राथमिकता बनाएं। पंच से लेकर सांसद तक सभी दायित्व जनता का कल्याण और इसे उन्हें ईमानदारी के साथ निभाना चाहिए। वे कृषि उपजमंडी में आयोजित प्रबुद्धजन स्नेह मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

स्पीकर बिरला ने कहा कि हम लोगों का दर्द कम करने के लिए सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र में काम कर रहे हैं। ऐसे अनेक कार्यकर्ता हैं जिन्होंने पूरा जीवन समाज की सेवा को समर्पित किया, लेकिन उन्हें कोई पद नहीं मिला। इसके बावजूद वे आज भी उसी समर्पण भाव से काम कर रहे हैं। उनसे प्रेरणा लेते हुए हम पद का मोह नहीं रखकर जनता की सेवा का कार्य जारी रखें। उन्होंने कहा कि चुनी हुई लोकतांत्रिक संस्थाओं में बैठे जनप्रतिनिधि विकास की दीर्घकालिक योजनाएं बनाएं। हर योजना का केंद्र आम आदमी का हित होना चाहिए। लेकिन क्षेत्र के विकास की जिम्मेदारी निभाने के साथ हम लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए भी मानवीय संवेदना के साथ काम करें। सरकार की योजनाओं को प्रत्येक जरूरतमंद तक पहुंचाएं। पूर्व विधायक हीरालाल नागर ने कहा कि सामाजिक कार्य और वंचित-अभावग्रस्त की सेवा, यही हमारे संगठन के संस्कार हैं। इन्ही संस्कारों के कारण भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीकि संगठन ही नहीं सबसे बड़ा सामाजिक आंदोलन भी है। पूर्व महापौर महेश विजय ने कहा कि जब तक राजनीतिक कार्यकर्ता समाजिक क्षेत्र के वंचित और अभावग्रस्त लोगों को आगे लाने का प्रयास नहीं करेगा तब तक सदृढ़ समाज नहीं बनेगा। प्रबुद्ध और वरिष्ठजनों की जिम्मेदारी है कि वे हाथ पकड़ कर ऊपर लाएं। स्पीकर बिरला के कार्य हमें यहीं प्रेरणा देते हैं।

स्पीकर बिरला ने कहा कि देश आज आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। यह वक्त महान स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के बलिदान को स्मरण करने का है जिनके कारण देश को आजादी मिली।

आज देश नवनिर्माण के दौर से गुजर रहा है। आज से 25 वर्ष बाद आजादी की शताब्दी का उत्सव मनाते समय यदि हम चाहते हैं भारत दुनिया का अग्रणी राष्ट्र हो तो उसमें हम सबको सहयोग करना होगा।

जागरूकता अभियान चलाया

कोटा, (निसं)। स्वच्छता सर्वेक्षण एवं जागरूकता अभियान 2022 का नगर निगम कोटा दक्षिण एवं आरती जनार्दन वेलफेयर सोसायटी द्वारा सेक्टर नंबर 4 के अहिंसा सर्किल पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पॉलिथीन मुक्त शहर एवं घर-घर स्वच्छता के माध्यम से गीला-सूखा कचरा अलग-अलग एवं शहर को स्वच्छ रखने हेतु रैली निकाल कर घर-घर से पॉलिथीन लेकर के मुक्तमय कपड़े का बैग निशुल्क वितरण कर भविष्य में लोगों को कपड़े का बैग ही प्रयोग हेतु जागरूक किया गया।

इस मौके पर आयुक्त कीर्ति राठौड़, अतिरिक्त आयुक्त अम्बालाल मीणा, स्वास्थ्य अधिकारी ऋचा गौत्तम, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक सुरेश पचेरवाल एवं सभी सेक्टरों के स्वास्थ्य निरीक्षक रामस्वरूप, शिवराज पंवार, शिव कुमार, अर्जुन, सुरेन्द्र पंवार, ललित, राजेश एवं आरती जनार्दन वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष आरती जनार्दन सचिव डॉ. मनीषा पंवार, उपाध्यक्ष एडवोकेट बीटा स्वामी एवं सोसायटी के सदस्य मौजूद रहे।

'राज्य की सरकार चिकित्सा सुविधाओं को लेकर अति संवेदनशील है'

- एमबीएस अस्पताल के विस्तार के महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट से केन्द्र सरकार ने खींचे हाथ

कोटा, (निसं)। कोटा के एमबीएस अस्पताल के कॉटेज, डीलक्स वार्ड के निर्माण एवं पुराने भवन के फसाड सहित अन्य कार्यों के 68 करोड़ के महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट से केन्द्र सरकार ने हाथ खींच लिए हैं।

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत एमबीएस अस्पताल के विस्तार के इन निर्माण कार्यों को किया जाना था लेकिन स्वीकृति मिलने के बाद अंतिम वक्त में हाथ खड़े कर दिए। अब यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने निर्देशन में नगर विकास न्यास चिकित्सा सुविधाए में बढ़ौत्तरी मुहैया कराने वाले प्रोजेक्ट को पूरा करेगा।

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने बताया कि कोटा शहर की बढ़ती आबादी एवं दूरदराज क्षेत्रों में संभाग के सबसे बड़े अस्पताल में आने वाले रोगियों के इलाज में सुविधाओं में इजाफा करने के लिहाज से यह कार्य स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत होने थे लेकिन केंद्र की सरकार ने इस जनसुविधाओं वाले प्रोजेक्ट में ब्याज सहित अन्य मदों की राशि को वापस मंगवाने की निर्देश जारी कर दिए जबकि अन्य स्मार्ट सिटी में ऐसा निर्णय कहीं नहीं लिया गया। राज्य की सरकार चिकित्सा सुविधाओं को लेकर अति संवेदनशील है, जनहित के इस कार्य को हम पूरा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे अब कोटा नगर विकास न्यास द्वारा इस प्रोजेक्ट को कंप्लीट किया जाएगा ताकि अस्पताल में सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के साथ आधुनिक संसाधनो से इलाज की सुविधा रोगीयो को मिल सके।

वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण भेंट किए

कोटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि कोटा-बूंदी क्षेत्र के लोग स्वस्थ रहे, यह मेरा दायित्व है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य की दिशा में हम काफी काम कर रहे हैं। ग्राम पंचायतों में मेडिकल कैंप के आयोजन के साथ गांव-गांव में मेडिकल ऑन व्हीन भेजने की भी योजना है। यह विशेष एंबुलैंस ग्रामीण क्षेत्रों में मरीजों को चिन्हित करने का काम करेगी। वे मंगलवार को सुल्तानपुर क्षेत्र में आयोजित सामाजिक अधिकारिता शिविर को संबोधित कर रहे थे।

शिविर में करीब 400 दिव्यांगों और वरिष्ठजनों को करीब 35 लाख रूपए के सहायक उपकरण भेंट करने के बाद उन्होंने कहा कि दुख है कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी हम दिव्यांगों के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित नहीं कर सके। दिव्यांगजनों में काम करने और आगे बढ़ने की ललक है। वे किसी पर बोझ नहीं बनना चाहते बल्कि परिश्रम कर परिवार का भरण पोषण करना चाहते हैं।

खोया पाया

मेरा स्वयं के आवास संख्या 2-H-8 इन्द्रा नगर झालावाड के मूल दस्तावेज नोडुस 10 जनवरी 2022 को झालरापाटन में गुम हो गये है। जिस किसी को भी मिले तो सूचित करें।

मोबाईल नं.9636209639

जनरल नोटिस

अज अदालत जिला न्यायाधीश कोटा राज.
बाइजलास श्री राजेन्द्र प्रकाश सोनी आर.एच.जे.एस.
जिला न्यायाधीश कोटा
मुत. आवेदन सं. 20/2022

मुरलीधर शर्मा आत्मज स्व. श्री मांगी लाल शर्मा आयु 51 वर्ष जाति ब्राहमण निवासी-एन.सी.सी. की बाउण्ड्री के पास रोझडी रावतभाटा रोड कोटा राज. प्रार्थी

बनाम

1. सत्यनारायण आत्मज स्व. श्री मांगी लाल शर्मा आयु 33 वर्ष जाति ब्राहमण निवासी मकान नं. 1024 बालाकुण्ड दादाबाडी, कोटा राज., 2. रूकमणी पत्नी स्व. श्री गिरिराज शर्मा आयु 39 वर्ष जाति ब्राहमण निवासी सरस्वती ज्ञान कुंज बालाकुण्ड दादाबाडी, कोटा, 3. लोकेश शर्मा आत्मज स्व. श्री गिरिराज शर्मा आयु 22 वर्ष जाति ब्राहमण निवासी सरस्वती ज्ञान कुंज बालाकुण्ड दादाबाडी, कोटा, 4 अजय शर्मा आत्मज स्व. श्री गिरिराज शर्मा आयु 18 वर्ष जाति ब्राहमण निवासी सरस्वती ज्ञान कुंज बालाकुण्ड दादाबाडी, कोटा, 5. श्रीमती मंजूलता शर्मा पत्नी श्री रामकिशोर शर्मा आयु 40 वर्ष जाति ब्राहमण निवासी-सिंधी शमशान के पीछे देवली रोड, टोंक राज., 6. शाखा प्रबन्धक स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर वर्तमान नाम भारतीय स्टेट बैंक शाखा सी.ए.डी. रंगबाडी रोड कोटा राज., 7. शाखा प्रबन्धक पंजाब नेशनल बैंक, शाखा केशवराय पाटन जिला बून्दी-राज., 8 हर आम खास (जनसाधारण) प्रतिपक्षीगण

प्रार्थना पत्र बाबत उत्तराधिकारी प्रमाण जारी करने हेतु

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी ने इस न्यायालय में उपरोक्त शीर्षक का आवेदन पत्र पेश कर कथन किया है कि प्रार्थी एवं प्रतिपक्षी क्रम 1 व 5 के पिता तथा प्रतिपक्षी क्रम 2 के ससुर प्रतिपक्षी क्रम 3 व 4 के दादा जी स्व. मांगी लाल शर्मा आत्मज श्री गेन्दी लाल जी निवासी मकान नं. 1024 बालाकुण्ड दादाबाडी कोटा में निवास करते थे स्व. मांगी लाल शर्मा पुत्र गेन्दीलाल का स्वर्गवास दिनांक 22.10.2020 को अपने निवास स्थान बालाकुण्ड कोटा में हो चुका है। मांगी लाल शर्मा को अपने जीवनकाल में प्रतिपक्षी क्रम 6 के यहां एक एफडीआर खाता-61134451174 के तहत राशि 35000/- रूपये की करवा रखी थी, जिसकी परिपक्वता दिनांक 17.05.2014 को 47024/- रूपये देय है जिसका एफ.डी.आर नं. सीबी/बी 685766 है। एक बचत खाता प्रतिपक्षी क्रम 7 के यहां खुलवा रखा था जिसकी खाता संख्या 44750001000346 60 है, जिसमें 14940/- रूपये जमा है तथा एक एफ.डी.आर जिसकी ग्राहक पहचान संख्या 447500 0डीए00000179 है जिसकी राशि 1,00,000/- रूपये है। जिसकी परिपक्वता दिनांक 18.10.2013 को 1,27,662/- रूपये देय है। जिसकी एफ.डी.आर नं. एस डब्ल्यू.यू. 829630 है एवं बचत खाता प्रतिपक्षी क्रम 8 के यहां खुलवा रखा था जिसकी खाता संख्या 276140 है जिसमें 1,18,750/- रूपये जमा है, प्रार्थी एवं प्रतिपक्षी क्रम 1 लगायत 5 स्व. मांगी लाल शर्मा के एक मात्र वारिसान है उक्त वारिसान के अलावा अन्य कोई वारिसान नही है। प्रार्थी के पक्ष में उक्त राशि का उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी करने में प्रतिपक्षी क्रम 1 लगायत 5 को कोई आपत्ति नही है। इस कारण प्रार्थी प्रतिपक्षी क्रम 6 लगायत 8 के यहां जमा शुदा राशि प्राप्त करने का अधिकारी है। इस कारण प्रार्थी के पक्ष में उक्त जमा शुदा राशि प्राप्त करने हेतु मृतक का उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी किया जावे।

अतएव आम जनता को सूचना दी जाती है कि यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रार्थी के पक्ष में जारी किये जाने में किसी प्रकार की आपत्ति एवं एतराज हो तो वह व्यक्ति दिनांक 15.3.22 समय 10.30 ए.एम. पर न्यायालय हाजा में वकालतन व असालतन रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति पेश करें। अन्यथा आवेदन स्वीकार कर उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया जावेगा।

अतएव यह सूचना पत्र न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 01.02.22 को जारी किया गया।

मोहर अदालत न्यायालय के आदेश से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सेशन न्यायालय कोटा (राज.)

विवाह स्मारिका का विमोचन

बारां, (निसं)। पंजाबी समाज के युवक-युवतियों के विवाह योग्य स्मारिका का विमोचन शीतला माता मंदिर परिसर गुमानपुरा कोटा पर किया गया। सरकारी गाइड लाइन के अनुसार संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया गया।

समाज के प्रमुख पदाधिकारियों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। पंजाबी समाज सेवा समिति बारां के प्रमुख पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल भी इस कार्यक्रम में शामिल हुआ। जिसमें समाज के अध्यक्ष अशोक अदलक्खा, प्रवक्ता महेश अदलक्खा, सचिव गौरव बाठला, उपाध्यक्ष सुरेंद्र पिपलानी, दिलबाग अदलक्खा आदि पदाधिकारी शामिल हुए, जहां पर बारां से पधारे समाज के पदाधिकारियों का कोटा के पदाधिकारियों ने दुपट्टा धारण व माल्यार्पण कर सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा पंजाबी समाज के अध्यक्ष वीर कुमार वधवा, उपाध्यक्ष कमल अदलक्खा थे। विशिष्ट अतिथि बालकिशन गुलाटी, दर्शन पिपलानी, विनोद गेरा, पवन आहूजा थे। समाज के सचिव प्रवीण गुलाटी और रमेश अरोडा ने बताया कि इस वर्ष 552 युवक-युवतियों के पंजीकरण प्राप्त हुए।

बिरला से वार्ता के बाद किसानों का धरना समाप्त

कोटा, (निसं)। भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में नौ दिन से चल रहा धरना मंगलवार को समाप्त हो गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सुल्तानपुर दौरे पर किसानों के प्रतिनिधिमण्डल से वार्ता की। बिरला ने किसानों को बताया कि जमीनों का पूरा मुआवजा दो साल पहले की दर पर ही मिलेगा।

जिसके लिए जिला कलेक्टर को अधिकृत किया गया है। जबकि धोरों में ब्लॉक डालने की मांग पहले ही मान ली गई थी। जिसके वर्क आर्डर भी जारी हो गए। भारतीय किसान संघ के प्रचार प्रमुख आशीष मेहता ने बताया कि किसानों की शेष मांगों को लेकर जयपुर से चीफ इंजीनियर समेत अधिकारियों की टीम प्रोजेक्ट स्थल पर आएगी। जो अंडरपास, सर्विस रोड समेत विभिन्न समस्याओं का किसानों के साथ मिलकर सर्वे करेगी। इसकी रिपोर्ट के आधार पर दिल्ली से स्वीकृति दिलाने को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ने आश्वस्त किया है। इस संदर्भ में लोकसभा अध्यक्ष और जिला कलेक्टर से अलग अलग बात करने के बाद अध्यक्ष गिरिराज चौधरी और तहसील संरक्षक ब्रह्मानंद शर्मा ने धरना स्थगित करने की घोषणा की। इसके बाद सुल्तानपुर और भांडाहेड़ा में चल रहा धरना समाप्त कर दिया गया।

प्रदेश मंत्री जगदीश कलमंडा ने बताया कि फिलहाल धरना स्थगित हुआ है, लेकिन प्रत्येक किसान को पूरा मुआवजा मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। वहीं परियोजना के अंतर्गत प्रदेश भर में जहाँ भी किसानों का शोषण होगा। वहां भारतीय किसान संघ सदैव खड़ा रहेगा। जिला प्रचार प्रमुख रूप नारायण यादव ने बताया कि बुधवार को किसानों की समस्याओं को लेकर संभागीय आयुक्त कार्यालय पर बैठक रखी गई है। जिसमें किसानों की मांगों की फिर से बिंदुवार समीक्षा की जाएगी। इस दौरान 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल में पूर्व प्रदेश महामंत्री कैलाश गेंदोलिया, प्रांत अध्यक्ष शंकरलाल नागर, प्रदेश मंत्री जगदीश कलमंडा, जिलाध्यक्ष गिरिराज चौधरी, बारां जिलाध्यक्ष अमृत छजावा, मंत्री देवीशंकर गुर्जर, भूपेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष मुकुट बिहारी नागर, प्रचार प्रमुख रूपनारायण यादव, तहसील अध्यक्ष अखिलेश दाधीच, संरक्षक ब्रह्मानंद शर्मा थे।

निजीकरण करने का विरोध

कोटा, (निसं)। अखिल राजस्थान अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ी जाति, अधिकारी कर्मचारी संयुक्त महासंघ कोटा की बैठक डॉ. अम्बेडकर भवन, सीएडी सर्किल कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष मनोहर लाल मीणा की अध्यक्षता में हुई। जिलाध्यक्ष बृजराज वर्मा बताया कि बैठक में मेडिकल कॉलेज कोटा का नाम पुन: डॉ बीआर अम्बेडकर के नाम पर करने हेतु उच्च स्तरीय प्रयास जारी रखने पर चर्चा हुई।

सरकारी संस्थाओं का निजीकरण बंद करने एवं जिन सरकारी संस्थाओं का निजीकरण हुआ है उनमें आरक्षण लागू रखने की मांग की गई। वक्ताओं के कहा कि सरकारी भर्तियों में आरक्षित वर्ग का बैकलॉग विशेष अभियान चलाकर भरा जाये तथा पदोन्नति में आरक्षण को पुरानी पद्दति से लागू कर रोस्टर रजिस्टर विभागों में संधारित कराया जाए। सीएडी सर्किल स्थित डॉ अंबेडकर भवन को स्मारक के रूप में विकसित करने व बाबा साहब की प्रतिमा लगवाने के लिए उच्च स्तरीय प्रयास करने पर चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश संयुक्त सचिव रामस्वरूप वर्मा, संभागीय अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, प्रदेश संगठन सचिव सूरजकरण बड़गोत्या, विधि सलाहकार कुंजा बिहारी शाक्यवाल, लोकेश आकोदिया दिलीप सिंघोर, गजेन्द्र सामरिया ने भी विचार व्यक्त किये।

महिलाओं में भी फूटा आक्रोश, किशोरी के हत्यारे को फांसी की मांग

- मंडल अध्यक्ष जैस्मिन मेवाड़ा व सीमा कंटू के नेतृत्व में सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित
- महिलाएं नारेबाजी करते हुए दादाबाड़ी थाने तक पहुंची, यहां पर लोगों ने प्रदर्शन कर आरोपी टीचर की गिरफ्तारी की मांग की

कोटा, (निसं)। कोटा में किशोरी के हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। महिलाएं भी अब सड़कों पर उतर आई हैं। फांसी की मांग को लेकर सीएडी चौराहे पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन भाजपा महिला मोर्चा दादाबाडी मंडल अध्यक्ष जैस्मिन मेवाड़ा व समाजसेविका सीमा शर्मा कंटू के नेतृत्व में किया गया। जैस्मिन मेवाड़ा ने कहा कि वारदात के तीसरे दिन भी आरोपी का कोई सुराग नहीं लगा है। लोग आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जगह-जगह धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

मंगलवार को दादाबाड़ी इलाके में हनुमान बस्ती क्षेत्र की महिलाएं जैस्मिन मेवाड़ा के नेतृत्व में इकट्ठे होकर नारेबाजी करते हुए दादाबाड़ी थाने तक पहुंची। यहां पर लोगों ने प्रदर्शन कर आरोपी टीचर की गिरफ्तारी की मांग की। मेवाड़ा ने कहा कि शीघ्र ही आरोपी गिरफ्तार नहीं हुआ तो आंदोलन को उग्र किया जाएगा। घटना को लेकर रोष जताते हुए कहा कि वारदात कोटा के लिए कलंक है। आरोपी तीन दिन से फरार है। पूरा पुलिस अमला आरोपी के बारे में कोई सुराग नहीं जुटा सका। उन्होंने कहा कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाकर कड़ी से कड़ी सजा मिले। तभी कोटा की बेटी को न्याय मिलेगा। सीमा कंटू ने नाबालिग छात्रा के साथ हुई घटना को निंदनीय बताते हुए कहा कि पुलिस जल्द आरोपी को गिरफ्तार करे नहीं तो शहर के विभिन्न चौराहों पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाने के लिए जघन्य अपराध के अपराधियों एवं हत्यारे को पकड़कर जल्द से जल्द फांसी की सजा दिलवाए।

उन्होंने कहा कोटा शहर में बाहर से आने वाले छात्र-छात्राएं भी निजी ट्यूशन में पढ़ने जाते हैं जिनके लिए भी पुलिस की ओर से सुरक्षा के लिए कानून बनाया जाना चाहिए, शहर के निजी कोचिंग संस्थाओं को चिन्हित करके सभी कोचिंग संचालकों से वहां पर पढ़ने वाले छात्राएं एवं छात्रों की भी पूरी डिटेल पुलिस को लेनी चाहिए। बालिकाओं की सुरक्षा पुलिस का पहला कर्तव्य है। इस दौरान पार्षद धीरेंद्र चौधरी, मनोज निराला सहित कई लोग उपस्थित रहे।

सरसों के खेत में अफीम की खेती करने के आरोप में एक गिरफ्तार

छबड़ा, (निसं)। बापचा पुलिस ने अवैध रूप से सरसों के खेत में अफीम की खेती करने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार कर 195 पौधे मौके पर से जब्त किए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय मे पेश किया जहां उसे एक दिन का पुलिस रिमांड दिया है।

बापचा थानाधिकारी नंदसिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि टूटी बरडी (अलीनगर) गांव में अवैध रूप से सरसों के बीच खेत में अफीम की फसल बो रखी है, जिस पर सोमवार देर शाम को उनके नेतृत्व गांव टूटी बरडी (अलीनगर) में पुलिस टीम पहुंची जहां सरसों के खेत में अवैध रूप से बो रखे 195 अफीम के पौधे जब्त किए, जिसका वजन किया गया तो डोडा पौधा सहित 25 किलो 500 ग्राम पाया गया। वहीं, मौके पर इस आरोप में टूटी बरड़ी (अलीनगर) निवासी कल्लू लोधा (34) पुत्र श्योराम को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। कार्यवाही में कानिस्टेबल रघुवीर सिंह, धारासिंह, उदयकरण, मनीष आदि मौजूद रहे।

'गुरु व भगवान से भी ऊंचा होता है माता-पिता का स्थान'

रावतभाटा, (निसं)। रावतभाटा नगर के उपनगरीय झालर बावड़ी चारभुजा के आदर्श विद्या मंदिर में मातृ-पितृ पूजन संपन्न हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य सीमा व्यास ने बताया कि माता-पिता का स्थान गुरु व भगवान से भी ऊंचा होता है, हमें सदा अपने माता-पिता का सम्मान व आदर करना चाहिए। अपने माता-पिता का ऋण कोई भी व्यक्ति नहीं उतार सकता। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वनवासी कल्याण परिषद के संगठन मंत्री मुकेश भील रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शकुंतला सोनी ने की। इस दौरान पुलवामा में शहीद हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

विद्युत करंट से झुलसा युवक बारां रैफर

छबड़ा (निसं)। आईसोलेटर पाईपों को चुराने के दौरान एक युवक विद्युत करंट की चपेट में आ गया, जिसे उपचार के लिए बारां रैफर कर दिया हैं।

जानकारी अनुसार फलिया निवासी जितेंद्र लोधा (25) ने सोमवार रात को विद्युत ग्रिड में रखे आईसोलेटर पाईपों को चुराने का प्रयास किया और वहां करंट लग जाने से झुलस गया।

जिसे ग्रिड के कर्मचारियों द्वारा उपचार के लिए छबड़ा चिकित्सालय में लाया गया, जहां से उसे चिकित्सकों द्वारा गंभीरावस्था के चलते बारां रैफर कर दिया है।

भरता बावड़ी के पास नहर में युवक का शव मिला

- शनिवार को शराब के नशे में कोटा बाई मुख्य नहर में डूब गया था युवक

बूंदी, (निसं)। तालेड़ा थाना क्षेत्र में भरता बावड़ी के पास स्थित नहर में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। तालेड़ा थानाधिकारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि भरता बावड़ी नहर में एक युवक की लाश बहकर आने की सूचना मिली। उसके शव को मोर्चरी में रखकर उसकी पहचान की कोशिश की तो मृतक कोटा मोहनलाल सुखड़िया योजना निवासी निवासी 27 वर्षीय जीवा था। जो फेरी का काम करता था।

शुक्रवार रात को वो शराब के नशे में मोहनलाल सुखड़िया योजना के सामने बायीं मुख्य नहर में डूब गया था। जिसके बाद शनिवार से ही निगम के गोताखोरों की टीम उसकी तलाश में जुटी हुई थी। टीम ने बूंदी जिले के नमाना गांव तक 25 किलोमीटर एरिया में सर्च अभियान चलाया। बूंदी के सिलोर तक तलाश किया लेकिन युवक का सुराग नहीं लगा था। मंगलवार सुबह घटनास्थल से 19 किमी दूर जीवा की लाश मिली। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनो को सौंप दिया।

प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर परिषद बून्दी (राज.)

क्र.सं. 7623 **लोक सूचना** दिनांक-15.2.2022

आवेदक श्री आशिष सैनी पुत्र श्री ओंकार लाल सैनी निवासी मानसरोवर विला पुलिस लाईन रोड बून्दी इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का कृषि आधारित उद्योग प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
तहसील बून्दी जिला बून्दी	ग्राम बहादुरपुरा	01	कुल रकबा 0.1538 में से 1309.07 वर्गमीटर

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृत अधिकारों के निर्वाचन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुर्क्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधिन आज दिनांक 15.02.22 को जारी की गयी।

आयुक्त नगर परिषद बून्दी

कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)

क्रमांक:-नपबा/भू.रूपा./2021/ **सार्वजनिक विज्ञप्ति** दिनांक

आवेदक श्री विष्णु शाक्यवाल पुत्र स्व. प्रेम नारायण निवासी बारां द्वारा स्थान शाहाबाद रोड सुसवन बरत्ती बारां साईज 85.94 वर्गमी. का 69-क के तहत अपने मकान/दुकान का पट्टा बनाए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त मकान के स्वामित्व बाबत किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 7 योम में नगर परिषद में कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्ति पश्चात कोई एतराज मान्य नही होगा।

आयुक्त नगर परिषद बारां

कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)

क्रमांक:-नपबा/भू.रूपा./2021/ **सार्वजनिक विज्ञप्ति** दिनांक

आवेदक श्रीमती जमना बाई पत्नी स्व. भवंरलाल कोली निवासी बारां द्वारा स्थान शाहाबाद रोड सुसवन बरत्ती बारां साईज 167.3 वर्गमी. का 69-क के तहत अपने मकान/दुकान का पट्टा बनाए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त मकान के स्वामित्व बाबत किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 7 योम में नगर परिषद में कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्ति पश्चात कोई एतराज मान्य नही होगा।

आयुक्त नगर परिषद बारां

कार्यालय ग्राम पंचायत मोड़क स्टेशन पंचायत समिति-खैराबाद, तह. रामगंजमंडी, जिला-कोटा (राज.)

क्रमांक: SPL (1) दिनांक : 15.2.2022

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मोड़क स्टेशन में 20 वर्ष पुराने दो कन्डम (dismantle) वाहन नीलाम किये जाने है। अत: उक्त वाहनों की नीलामी बोली दिनांक 21.2.2022 सोमवार को राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर लगवाई जावेगी।

अत: बोलीदाता राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर पधारे।

समय :- 11 A.M. से 02 P.M. तक

धरोहर राशि 10000/-

सरपंच
ग्राम पंचायत मोड़क स्टेशन
पंचायत समिति खैराबाद जिला कोटा